# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 1473 / परी.गोप. / 2020 दिनांक 10.07.2020

प्रति,

**प्राचार्य,**
समस्त संबंद्ध महाविद्यालय,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

**विषयः–शैक्षणिक सत्र 2019–20 की परीक्षा आयोजन एवं परीक्षा परिणाम जारी करने बाबत।**

**संदर्भः–आयुक्त, उच्च शिक्षा, संचालनालय,नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक / 160 / आ.उ.शि / समन्वय / 2020 दिनांक 10.07.2020 .**

––00––

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करते हुये संलग्न प्रपत्र 1 एवं 2 में जानकारी प्रविष्ट कर जिले के अग्रणी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग के ई–मेल confidential@bilaspuruniversity.ac.in पर दिनांक 21.07.2020 तक भेजना सुनिश्चित करें।

आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा से वंचित छात्र / छात्राओं का आंतरिक मूल्यांकन सोशल डिस्टेंसिंग तथा केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा जारी एस.ओ.पी. का पालन करते हुये महाविद्यालय में / ऑनलाईन पद्धति से / ई–मेल / व्हाटसएप / खुली पुस्तक पद्धति से आयोजित करने के निर्देश प्रदान किये गये थे। पुनः कुछ छात्र यदि वंचित रह गये हो तो ऐसे छात्र / छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन करते हुये इनके अंक यदि पूर्व में प्रेषित नहीं किये गये हो तो इनके अंकों को दिनांक 10.07.2020 से 16.07.2020 तक पोर्टल में इसे अंतिम अवसर मानते हुये दर्ज किया जा सकता है।

आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा से वंचित छात्र–छात्राओं के अंकों को ही पोर्टल में दर्ज करने की अनुमति है। वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व में दर्ज परीक्षा के अंकों को किसी भी दशा में परिवर्तित करने की अनुमति नही है। यदि ऐसा किसी महाविद्यालय द्वारा किया जाता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

वार्षिक परीक्षाओं के स्थगित होने के पूर्व आयोजित हुई समस्त विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं को संग्रहण केन्द्रों / महाविद्यालयों से संग्रहित किया गया है। यदि आपके महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षा 2020 की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएं रखी हुई है तो इन्हें दिनांक 13.07.2020 तक विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में अनिवार्यतः जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

शासन के निर्देशानुसार स्नातक स्तर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम जारी करना है अतः इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्नः– संदर्भित पत्र एवं प्रपत्र कमांक 1 एवं 2.

10.7.2020

**कुलसचिव,**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

**पृ. क्रमांक** / 1474 / परी.गोप. / 2020 दिनांक 10.07.2020

**प्रतिलिपि :–**

1. **सचिव**, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को सादर **सूचनार्थ**।
2. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।
3. **आयुक्त**, उच्चशिक्षा संचालनालय, नया रायपुर को उनके संदर्भित पत्र के संबंध में सादर सूचनार्थ।

10/7/2020

**परीक्षा नियंत्रक,**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लाक–03, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग.)
e-mail:highereducation.cg.gmail.com, website:highereducation.cg.gov.in

क्रमांक /160 /आउशि / समन्वय / 2020 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 10/07/2020

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय महाविद्यालय,
छत्तीसगढ़।

प्राचार्य,
समस्त अशासकीय महाविद्यालय,
छत्तीसगढ़।

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2019–20 की परीक्षा आयोजन विषयक।

संदर्भः– छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग का पत्र कमांक एफ3–33/2020/38–1 दिनांक 1.6.2020.

–0–

कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न विशेष परिस्थिति को देखते हुए छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के संदर्भित आदेश की कंडिका–1 में वार्षिक परीक्षा पद्धति अंतर्गत अंतिम वर्ष एवं सेमेस्टर परीक्षा पद्धति अन्तर्गत अंतिम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं हेतु वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा आयोजित नहीं करते हुए विद्यार्थियों को अंकसूची एवं परीक्षाफल निम्नानुसार रीति से तैयार करने कर निर्देश दिया गया है:–

- जिन प्रश्नपत्रों की परीक्षा दिनांक 14.03.2020 तक आयोजित हो चुकी हैं उनका मूल्यांकन किया जावे तथा बचे हुए प्रश्नपत्रों के प्राप्तांक की गणना गत वर्ष के प्राप्तांक/आंतरिक मूल्यांकन/असाइनमेंट कार्य के आधार पर की जावे। विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त तीन विकल्पों में से किसी एक अथवा एक से अधिक विकल्पों का चयन किया जा सकता है।

- उपरोक्त पद्धति से जारी अंकसूची के स्थान पर यदि कोई विद्यार्थी श्रेणी सुधार करना चाहे, तो आगामी वर्ष/सेमेस्टर में विशेष परीक्षा की व्यवस्था की जावे।

- उपरोक्त व्यवस्था केवल शिक्षा सत्र 2019–20 के लिए मान्य होगी।

उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों को असाइनमेंट कार्य ऑनलाइन पद्धति से संपन्न कराने हेतु विद्यार्थियों के मोबाइल नम्बर एवं ईमेल एड्रेस की आवश्यकता होगी। अतः समस्त महाविद्यालय उनके अध्ययनरत विद्यार्थियों की जानकारी संलग्न प्रपत्र –एक में तैयार करते हुए महाविद्यालय स्तर पर रिकार्ड रखें। उक्त जानकारी के आधार पर कक्षावार विवरण संलग्न प्रपत्र–दो में तैयार करके जिले के अग्रणी महाविद्यालय के माध्यम से इस कार्यालय को दिनांक 21.07.2020 तक भेजें।

संलग्नः प्रपत्र

10/7

(श्रीमती शारदा वर्मा)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ. कमांक /161 /आउशि / समन्वय / 2020 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 10/07/2020

प्रतिलिपिः

1. कुलसचिव, समस्त शासकीय विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़
2. समस्त अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़
3. समस्त अग्रणी महाविद्यालय, छत्तीसगढ़
4. आदेश फोल्डर

10/7

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

प्रपत्र–एक

**महाविद्यालय का नाम :**

| क | विद्यार्थी कानाम | कक्षा वर्ष या सेमेस्टर | मोबाइल नं. स्वयं अथवा अन्य नजदीकी परिचित | एंड्रायड मोबाइल है या नहीं | किस कंपनी का नेटवर्क है। | विद्यार्थी का ईमेल आई डी | निकटस्थ च्वाइस सेंटर एवं सीएससी केन्द्र का नाम एवं पता जहां ईमेल देखना संभव हो। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

प्रपत्र–दो

**महाविद्यालय का नाम :**

| क | कक्षा/वर्ष | कुल प्रवेशित विद्यार्थी | कितने विद्यार्थियों का मोबाइल नं. है। | कितने के पास स्वयं अथवा अन्य नजदीकी का एंड्रायड फोन है | कितने का ईमेल है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

Scanned by CamScanner